प्रेस नोट

<u>दिनांक 18.09.2024</u>

श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्रअन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण किया गया

आज दिनांक 18.09.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्रअन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में मेला कमेटी के सदस्यों से वार्ता की गई। साथ ही मेले में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया व मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की गई। मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

मेला में विशेष सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपजिलाधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु (कृष्णकांत त्रिपाठी) व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।